Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to recommence air flights from Vadodara to Indore, Pune and Jaipur.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (**वडोदरा**): अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। मैं आपके माध्यम से नागर विमानन मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहती हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र वड़ोदरा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का 'वड़ोदरा एयरपोर्ट 'स्थित है।वड़ोदरा एयरपोर्ट पर कोरोना महामारी से पहले मुंबई, पुणे, दिल्ली, जयपुर, बंगलुरू, इंदौर की फ्लाइट्स जाती थीं, जिनमें से वर्तमान में जयपुर, इंदौर और पुणे की फ्लाइट्स नहीं जा रही हैं।

वड़ोदरा जिले के आसपास के 9 से 10 जिलों के नागरिक वड़ोदरा एयरपोर्ट से हवाई उड़ान सेवा का लाभ लेते हैं। वड़ोदरा, मध्य गुजरात में उद्योग, वाणिज्य और व्यापार की दृष्टि से प्रमुख शहर है। वड़ोदरा के आसपास के सभी जिलों के नागरिकों को जयपुर, इंदौर और पुणे शहरों की मुसाफरी करने के लिए फिलहाल अहमदाबाद जाना पड़ता है। अगर उक्त फ्लाइट कार्यरत कर दी जाए तो इसका लाभ वड़ोदरा एवं आसपास के सभी जिलों के नागरिकों को मिल सकेगा।

महोदय, आपके सम्माननीय माध्यम से मैं माननीय नागर विमान मंत्री से अनुरोध करना चाहती हूँ कि मेरे संसदीय मत क्षेत्र वड़ोदरा स्थिति वड़ोदरा एयरपोर्ट से इन्दौर, पुणे और जयपुर की फ्लाइट को पुन: संचालित करने की कृपा करें। धन्यवाद।